ed, even the Chair never know that the hon. Minister of State for Railways is going to be absent. The Chair was not informed.

## CALLING ATTENTION MOTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE REPORTED

### Severe Power Cuts in Different States resulting in Heavy Losses in Agricultural Production

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we take up calling Attention.

**श्री रामेश्वर सिंह : (उत्तर प्रदेश) :** कालिंग अटेंशन के पहले मैं अपनी एक बात कहना चाहूंगा और उस के लिये मैं एक या दो मिनट से ज्यादा नहीं लूंगा । मैं ने आप को पहले भी आश्वासन दिया है और आज भी आश्वासन दे रहा हूं और आडवाणी जी हम लोगों के नेता हैं मैं उन की बड़ी इज्जत करता हूं और प्रणव बाबू सदन के नेता हैं, मैं उन की भी इज्जत करता हूं लेकिन मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं अपनी तरफ से । जहां तक मेरी थिंकिंग है, जो मेरा सोच है वह यह है कि जब कभी कोई दबता है तो वह अपने को बचाने की कोशिश करता है । हाथी के पांव के नीचे अगर चींटी आ जाती है तो मर जाती है, लेकिन अगर कोई और आ जाता न तो वह अपने को बचाने की कोशिश करता है । लेकिन मैं देखता हूं कि जब मैं दबाया जाता हूं....

**श्री उपसभापति :** वह तो खत्म हो गया ।

**श्री रामेश्वर सिंह :** आप मेरी बात सुन लीजिए । मेरा कहना है कि मैं आज भी आश्वासन देता हूं और मैं चाहता हूं कि आप का व्यवहार भी मेरे साथ वही होना चाहिए जैसा कि आप का व्यवहार सब के साथ होता है ।

दूसरी बात, जहां तक इन का सवाल है मैं इस बात को जानता हूं कि दलाली शब्द डेमोक्रेटिक है । (व्यवधान) यह पार्लियामेंटरी शब्द है । दलाली शब्द पार्लियामेंटरी है । अगर कोई इस तरह से बात करे, गलत काम करे या गलत काम करने वाले को मदद करे तो मैं इस शब्द का इस्तेमाल उस के लिये करूंगा और हमेशा करूंगा । जब कभी भी कोई गलत तरीके से वकालत करेगा तो मैं उस को दलाली शब्द से और इसी प्रकार के दूसरे शब्दों से संबोधित करूंगा, लेकिन मैं आश्वासन देता हू कि....

**श्री उपसभापति :** जब मैंने कह दिया कि जिस कटेक्स्ट में आप ने उस शब्द का प्रयोग किया है वह अनपार्लियामेंटरी है तो आप का कर्तव्य है कि आप उस का ध्यान रखें ।

**श्री रामेश्वर सिंह :** मैं उस का ध्यान रखूंगा और आप को शिकायत का मौका नहीं दूंगा ।

**श्री उपसभापति :** अब आप नोटिस पढ़िये कालिंग अटेंशन का ।

**श्री सत्यपाल मलिक : (उत्तर प्रदेश)** उन्होंने मुझे भी समझाने की कोशिश की थी और उन के शब्द का मैंने बुरा नहीं माना ।

**श्री रामेश्वर सिंह :** मुझे इसी सदन में झूठा कहा गया । 24 तारीख की बात है ।

**श्री उपसभापति :** जब कहा जाएगा तो देखा जाएगा ।

श्री रामेश्वर सिंह : मेरे पास यह तस्वीर है मदनी साहब की...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am not allowing Mr. Rameshwar Singh. Do not record what Mr. Raneshwar Singh is saying.

श्री रामेश्वर सिंह : *

श्री उपसभापति : रामेश्वर सिंह जी आप अपना नोटिस पढ़िये।

श्री रामेश्वर सिंह : श्रीमन्, विभिन्न राज्यों में बिजली की कथित अत्यधिक कटौती के परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन को भारी हानि से उत्पन्न स्थिति और इस संबंध में सरकार द्वारा की गई कार्यवाही की ओर ऊर्जा मंत्री का ध्यान दिलाता हूं।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI CHANDRA SHEKHAR SINGH): Sir, hon'ble Members will be happy to know that there has been an increase in generation in the country by 7 per cent during April '82—Feb. '83. The actual generation during this period was 119.75 billion units against 112.2 billion units for the corresponding period in the preceding year. In view of this increased generation, it has been possible to reduce the overall shortage. The shortage during the period April '82—January '83 was only 8.6 per cent as compared to 10.3 per cent for the corresponding period in the preceding year.

In the current financial year a target of producing 132 billion units of energy has been fixed which is about 7 per cent higher than last year. For the period April 1982 to Feb., 1983, the target fixed for thermal and hydro generation has been achieved whereas there is a shortfall in nuclear generation due to outage of RAPP machines. For the year as a whole it is expected that the energy production will be about 131 billion units.

The thermal component in the total installed capacity is about two thirds and, therefore, considerable attention has been given to improve the performance of the thermal power stations. I am glad to inform that the plant load factor in the current year from April, 1982 to January, 1983 has already improved to 48.9 per cent as against 45.8 per cent in the corresponding period last year. The plant load factor of some of the new 200/210 MW generating units in the recent months has even exceeded 70 per cent. In the month of January, 1983, the combined plant load factor of thermal stations has already reached a level of 52.7 per cent. I am hopeful that as a result of various measures taken by the Ministry and the State Electricity Boards, the present performance level will not only be maintained but improved upon in the coming months.

Members are already aware that there has been failure of monsoons in many parts of the country. The effect of failure of monsoon is two fold. In addition to the reduction in hydel generation there is also a spurt in the pumping load.

In the Southern Region except for Andhra Pradesh other States are experiencing power shortages of varying degrees on account of failure of the monsoons. The power position in Tamil Nadu was comfortable till October, 1982. Due to the failure of the monsoons, however, the availability came down and the State has been facing power shortage. Kerala which used to be surplus in power and rendered assistance to Tamil Nadu and

* Not recorded.

Karnataka has gone into deficit due to failure of the monsoons. The power shortage in Karnataka is about 25 per cent. The State is getting an assistance of about 100 MW from Maharashtra.

In case of Western Region, the overall increase in generation in the current year has been about 6 per cent though the hydel generation has been adversely affected in the States of Gujarat and Madhya Pradesh because of inadequate monsoons. The step-up in generation has been possible by the improved performance of the thermal power stations which have recorded an increase of about 15 per cent. consequently Gujarat, Maharashtra and Madhya Pradesh could meet the new demands without recourse to additional power cuts.

In the Northern Region in the current year, till, February, 1983, the increase generation is of the order of 13 per cent. In U.P., the increase has been as much as 22.7 per cent during the period April '82 to January '83. Punjab has also registered an improvement of 21.9 per cent. In case of Rajasthan the position has aggravated because of the outages of RAPP generating units and delayed commissioning of 110 MW unit at Kota on an average the State has been given an assistance of 2-3 million units per day from Central Sector power stations and Madhya Pradesh. In Haryana, the performance of Panipat and Faridabad Thermal Power Stations had not been satisfactory and the State had been facing occasional shortage of power. But the position has since improved.

In the Eastern Region, which is predominantly dependent on the thermal generation, the total generation upto February, 1983 was more because of the increase in thermal generation by 5.5 per cent compared to corresponding period of the preceding year. But power shortage continues in West Bengal and Bihar in spite of increase in generation. The position in West Bengal would have been better if Santaldih Power Station had functioned satisfactorily and the new 210 MW unit at Bandel brought promptly into regular operation. There was some improvement in power generation at Patratu Power Station in Bihar during the year. Even then the requirement could not be fully met resulting in day-to-day load shedding, depending on the availability. Steps have been taken by Government to improve the performance of Patratu and Barauni thermal stations so that the level of generation of these two stations can be further improved. Central Electricity Authority is closely monitoring action taken in this regard. Orissa was adversely affected because of failure fo monsoons, as the State is predominantly dependent on hydel generation. This was in spite of the fact that the thermal generation in Orissa was 33 per cent higher in the period April '82 to January 1983 compared to the same period of the preceding year.

In the North-Eastern Region, the power position is comfortable.

As Hon'ble Members would appreciate from the foregoing account, there has been an overall improvement in the power sitaution, though there are areas facing acute power shortage. I would like to reassure the Hon'ble Members that, as always, the requirements of agricultural sector are being given high priority. Joint teams of officials from the concerned Central Ministries are deputed to verify at first hand the power supply sitaution in different districts. The State Governments have also accepted the imperative need to maximise power supply to the agricultural sector during the crop season. The beneficial impact of the attention which the country has paid to irrigation in successive Plans is borne out from the fact that the loss of agricultural production during 1982-83 has been relatively limited in comparison with the severity of the drought

We are confident that we will be able to maintain the tempo of improvement in the coming months. With the Contribution which will be available

CHANDRA SHEKHAR SINGH): Sir, from the new generating capacity which is being added, and given a normal monsoon, I expect that the power position in most parts of the country will be comfortable this year.

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (बिहार) : बिहार के बारे में भी कुछ विशेष कह दें।

श्री चन्द्र शेखर सिंह : आप निवेदन करेंगे तो कहूंगे।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : बिहार के कल्याण का भी कुछ ख्याल कीजिये। अभी कुछ नहीं होगा तो फिर कभी नहीं होगा।

श्री रामेश्वर सिंह : उपसभापति महोदय, मैं मंत्री जी से यह उम्मीद करता था कि वे हिन्दी में बोलेंगे। खैर इस पर हमारा विशेष दबाव नहीं है, यह उनकी इच्छा है। लेकिन आप हिन्दी इलाके के रहने वाले हैं, और अगर हिन्दी में बोलते तो बात हमारी समझ में ज्यादा आती। ...(व्यवधान)...

श्री चन्द्र शेखर सिंह जी बहुत सज्जन आदमी हैं। मैं उनकी सज्जनता का जरूर ख्याल करता हूं।

मैं सरकार का ध्यान जिस ओर...

SHRI R. MOHANARANGAM (Tamil Nadu): On a point of order. Is there any provision in the Indian Constitution or is there any convention that a Minister is expected to speak only in Hindi language if at all he belongs to a Hindi-speaking region?

AN HON. MEMBER: No.

SHRI R. MOHANARANGAM: Then why is he talking like that? Can I ask Mr. Venkatasubbaiah to speak in Telugu? You just protect us, Sir. We are a minority. You protect us.... (*Interruptions*)... I am not raking up this issue. He is raking up this issue. I must be protected. We are coming from the deep South. Please protect us.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There is nothing for me to do.

(*Interruptions*)

SHRI R. MOHANARANGAM: I cannot understand ...(*Interruptions*)... I hope he will reply in English. They are Hindi fanatics. Sir. They are spoiling the unification of the nation They are responsible.

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : यह जान बूझकर श्रीमन् हिन्दी के बारे में इस तरह की बात करते हैं, यह राजभाषा के साथ सरासर अन्याय हो रहा है।

... (व्यवधान) ...

श्री रामानन्द यादव : (बिहार) : यह बहुत खराब बात है। ऐसी बात नहीं होनी चाहिए। सारी सुविधायें उनको प्राप्त हैं। अगर कोई मैम्बर इस तरह की बात करता है तो यह ठीक नहीं है।

SHRI R. MOHANARANGAM: What facilities, Sir? Translation?

SHRI RAMANAND YADAV: You kindly sit down. If you speak Telugu we will understand it immediately. But all the time you are raising the bogey of Hindi you always insult us. It is very bad ... (Interruptions) ...

SHRI A. G. KULKARNI (Maharashtra): Let us not bring in this English versus Hindi. Let us go to the problem which is very serious.

SHRI R. MOHANARANGAM: Yes, that is what I say. I entirely agree with Mr. Kulkarni.

SHRI R. MOHANARANGAM: Yes, have no economic programme with you. You have got only the Hindi bogey to survive and win elections in Tamil Nadu. This is the strategy with you all the time..and you insult us.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR (Uttar Pradesh): What he said was that he could have understood it better had he spoken in Hindi. He explained his difficulty. Can you understand Hindi?

SHRI R. MOHANARANGAM: He did not say like that. If the translation is correct, he said that because this particular Minister comes from a Hindi region, it is his bounden duty to speak in Hindi. That was the translation. See the record.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You put the question now. ...(*Interruptions*).... Please allow him to put the question.

**श्री रामेश्वर सिंह** : ये हमारे मित्र है और इनकी भाषा की मैं इज्जत करता हूं और मैं समझता हू कि.. (व्यवधान).

**श्री उपसभापति** : आप सवाल पूछिये... (व्यवधान)...

**श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : एक आदमी सारे हाउस को दबाना चाहता है तो क्या हिन्दी बोलना छोड़ दें ?

SHRI SADASHIV BAGAITKAR (Maharashtra): This is totally irrelevant.

इसमें दबाने की क्या बात है । यह बात यादव जी कि कौन किसको दबा रहा है, समझ में नहीं आती है ।

**श्री रामनरेश कुशवाहा** (उत्तर प्रदेश) : माननीय सदस्य बतायें कि किसने कहा कि वे हिन्दी में सुनें । वे अपने कान बन्द कर लें ।

SHRI JAGANNATHRAO JOSHI (Delhi): Some are fanatics, some are lunatics.

**श्री रामेश्वर सिंह** : उपसभापति महोदय, मैं मंत्री जी से बहुत विनम्रता के साथ इस विषय पर चर्चा करना चाहता हूं क्योंकि जो बिजली है, जो ऊर्जा है, आज किसी भी विकासशील देश के लिये उसकी उपयोगिता हर चीज में अधिक हो गई है क्योंकि ऊर्जा एक ऐसा स्रोत है जिसको हम हर जगह इस्तेमाल करते हैं, एग्रीकल्चर में इसका इस्तेमाल करते हैं, इंडस्ट्री में भी करते हैं और इसका इस्तेमाल आधुनिक जीवन के दैनिक प्रयोग में भी हम करते हैं । हम लोगों का ऊर्जा के बगैर आज के युग में विकास सम्भव नहीं है । इसलिए मैं मंत्री जी से कुछ सवाल पूछना चाहता हूं । मैं बहुत सफाई के साथ बात करना चाहता हूं क्योंकि यह सवाल जो हम लोगों ने दिया है हम लोगों ने आज देश के अन्दर राष्ट्र के सामने जो संकट बिजली का है उस संकट की तरफ मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं । सरकार की जो वार्षिक योजना है, रिपोर्ट है, इस रिपोर्ट की बात मैं आपको थोड़ी सी बताना चाहता हूं । एक तरफ रिपोर्ट में 149 पेज पर जो 1982-83 की रिपोर्ट है इस रिपोर्ट में आप यह मान रहे हैं कि प्रबन्ध की कमी के कारण मुख्य रूप से नये बिजली संयंत्रों को चालू करने में निरंतर कम उत्पादन हुआ है । इस पर चालू की गई इस क्षमता की स्कीम का ब्योरा भी आपने बताया । वह बात मैं आज नहीं उठाना चाहता हूं । इसमें आपने यह जिक्र किया कि आपकी जो व्यवस्था है उस व्यवस्था को आप स्वीकार करते हैं कि आपकी व्यवस्था इतनी कमजोर है । पेज 141, वार्षिक रिपोर्ट 1982-83, इसमें आप यह मान रहे हैं और यह कह रहे हैं सातवें पैराग्राफ में कह रहे हैं कि हमारी व्यवस्था जो है, सरकार ने जो व्यवस्था कर रखी है इसके द्वारा उत्पादन

[श्री रामेश्वर सिंह]

में कमी हुई है । आप खुद उसको इनकम्पीटेंट समझते हैं । यह रिपोर्ट मैंने इसलिए सुना दी कि यह आपकी जानकारी में रहे । आप एक जगह कह रहे हैं कि हमारी जो व्यवस्था है उसमें त्रुटि है । दूसरी तरफ आप यह कह रहे हैं । आज ही हमारा क्वेश्चन था । उस क्वेश्चन में आप यह भी कह रहे हैं कि बिजली का संयंत्र है, जो मशीन है इस मशीन में कोयले की रद्दी सप्लाई होने के कारण, कोयला खराब सप्लाई होता है इसकी वजह से मशीनें खराब हो रही हैं । यह आपने स्वीकार किया है, क्वेश्चन के जवाब में भी कहा है । हमारा क्वेश्चन नम्बर 166 है । आज के क्वेश्चन में हमको आपने जवाब दिया है कि कोयले की खराब सप्लाई की वजह से भी मशीनें खराब हो रही हैं । यह दो चीजें मैं इसलिए सुना रहा हूं कि दोनों चीजों की तरफ लगातार हम लोग सदन में ध्यान दिलाते रहे हैं लगातार हम लोग कहते रहे हैं कि आपका जो बोर्ड बना है, जस्ट लाईक बिजली बोर्ड हर स्टेट में है मैं यहां पर यू० पी० का जिक्र करूंगा । आपका बिजली बोर्ड क्या बना है वह तो सफेद हाथी की तरह से काम कर रहा है । बिजली बोर्ड को यह जानकारी होती है । हम लोगोंने सदन में कई बार चर्चा की है । उत्तर प्रदेश की असेम्बली में भी कई बार चर्चा होती है । सरकार यहां से सेंट्रल गवर्नमेंट उनको पैसा भी देती है स्टेट गवर्नमेंट को और उनको बाहर से लाकर के साधन जुटा करके भी पैसा देते हैं । बाहर के मुल्कों से भी कर्ज लेते हैं देश के विकास के लिए उसमें योगदान देते हैं । लेकिन जो कुछ वे कर रहे हैं वह सब उनकी जानकारी में है कि कोयला खराब आ रहा है । इसका क्या कारण है, यह मैं आपको बतलाना चाहता हूं । एक तो इसमें जो मिल का मैनेजर या फैक्टरी का मैनेजर होता है, प्लस ठेकेदार, प्लस ट्रांसपोर्टर, प्लस कोयला खान का मैनेजर यह चारों की सांठगांठ होती है । यह मैंने पिछली बार भी चर्चा की थी कि कितने वैगन कोयला यहां तक नेपाल के रास्ते से चीन चला गया, बंगला देश चला गया, यहां तक अखबारों में आ चुका है और हमने सदन में भी मामला उठाया था कि अच्छा कोयला पश्चिमी पाकिस्तान चला गया, अच्छे किस्म का कोयला लोड किया जाता है और उधर बीच में दूसरी गाड़ी से रास्ते में ट्रांसपोर्टर रद्दी कोयला उसमें डाल देते थे और अच्छे किस्म का कोयला उतार लेते थे और वह अच्छे किस्म का कोयला बाहर चला जाता था । यही काम उपसभापति महोदय वैगन में भी हुआ है । आप अखबारों में पढ़ते होंगे अक्सर पढ़ते होंगे कि बहुत से वैगन गायब हैं कहां हैं, कोई पता नहीं है । न स्टेशन मास्टर बताता है न आपका रेलवे बोर्ड बताता है और न कोई ऐसी मशीनरी है जो तत्काल आपको बता दे कि ये वैगन यहां इस स्टेशन पर खड़े हैं । इसके कारण वैगन को जगह-जगह रोक करके कोयला बदल दिया जाता है और अच्छा कोयला उसमें से निकाल करके खराब कोयला गाड़ियों में चला जाता है । एक तो यह गड़बड़ी है ।

दूसरी गड़बड़ी, इससे क्या हो रहा है । हम राष्ट्र के विकास की बात सोचते हैं । हम श्रीमन यहां पर इसलिए नहीं आये हैं, मैंने बार-बार सदन में कहा है और आज भी सदन में मैं कह रहा हूं कि सदन में हम लोग जो आये हैं वह यह सदन जो है राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था है और इस सदन में जो फैसले होते हैं वह राष्ट्र के भाग्य के फैसले होते हैं और राष्ट्र के भाग्य का फैसला करने

वाले होते हैं, सर्वोच्च सदन में जब हम चर्चा करते हैं तो हम नुमाइंदे इसी के लिए भेजे गये हैं। हम आये हैं तो हमारी नैतिक जिम्मेदारी होती है कि हम यहां यह जो सदन है, यह वह दर्पण है जिस दर्पण में सही चेहरे को दिखाया जाय, मैं कोशिश करता हूं कि इस दर्पण में सही चेहरा राष्ट्र का दिखाया जाय। मैं कोशिश करता हूं कि सही ढंग से सही एंगिल में अपनी शक्ल को इसमें दिखायें। लेकिन होता है इसका उल्टा। सरकारी पक्ष पता नहीं क्या अगर विरोधी दल अच्छी बातें भी कहता है तो उसको भी मानने के लिए तैयार नहीं होता, सत्ता पक्ष के कुछ साथी भी अच्छी बातें कहें तो उसको भी मानने के लिए तैयार नहीं होता। इसका मूल कारण है ब्यूरोक्रेसी। मैंने पिछली बार भी कहा ब्यूरोक्रेसी इतनी हावी है सरकार पर कि जो फाइल तैयार होकर आयेगी, अगर आप कहें तो मैं हजारों इग्जाम्पुल आपको दे दूंगा। आज फाइल आपके पास तैयार करके ब्यूरोक्रेसी भेजेगी चन्द्र शेखर बाबू आपको उसी पर दस्तखत करना होगा। अगर आपने दस्तखत कुछ कर दिया इधर उधर तो फिर फाइल जायेगी फिर एक नोट

[उपसभाध्यक्ष (श्री आर० आर० मोरारका) पीठासीन हुए]

लिखकर आपके पास भेजेंगे कि इसमें यह त्रुटि हो गयी है। अफसर जो चाहता है करा लेता है। लेकिन मंत्री जी जो चाहता वह नहीं हो पाता है। आज फर्क यह है... (व्यवधान) उपसभाध्यक्ष महोदय, ब्यूरोक्रेसी इतनी तगड़ी हावी है कि वह जो चाहे करवा ले। मैंने यह भी जिक्र किया था और इसलिए फिर रिपीट कर दे रहा हूं और इससे उसका ताल्लुक नहीं है लेकिन ताल्लुक यह है कि ब्यूरोक्रेसी क्या समझती है। वह परमानेंट गवर्नमेंट अपने को समझती है और हम लोगों को क्या समझती है। हम लोगों को चपरासी समझती है। वह सोचते हैं कि हमको पांच साल के बाद टर्मिनेट कर दिया जायेगा। पांच साल में हम भेज दिये जाते हैं गांव को और हमारे जो बच्चे पढ़ने आते हैं मान लीजिए कभी आ जायें, हम जानते हैं कि बहुत से एम पीज० नहीं रखते हैं. बहुत से एम पीज० लाते भी हैं एक हमारे मित्र श्री ब्रजभूषण तिवारी थे वे अपने पांचों बच्चे लेकर दाखिला करा दिये। ढाई वर्ष के बाद पार्लियामेंट डिसाल्व हो गयी और उनके बच्चों की पढ़ाई की समस्या खड़ी हो गयी। तो हमारे बच्चे आते हैं तो यहां की भी पढ़ाई का नुक्सान और वहां की पढ़ाई का नुक्सान वह न इधर के रहते हैं न उधर के। लेकिन इनके बच्चे ब्यूरोक्रेट्स के बच्चे पढ़ेंगे तो इनका ट्रांसफर अंडमान को भी हो जाय तो अंडमान में भी इनके लिए स्कूल खुल जायेगा कि वहां जायेंगे तो वही पढ़ाई होगी जो यहां है। किसी प्रकार का कहीं फर्क नहीं... (समय की घंटी) मैं थोड़ी मदद चाहता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI R. R. MORARKA): Please conclude now

**श्री रामेश्वर सिंह :** मैं कन्कलूड कर रहा हूं। मेरे कहने का मतलब है उपसभाध्यक्ष महोदय—क्यों आपके प्रति मुझे इज्जत है, क्योंकि आप स्टडी करते हैं, यह कहने का मतलब, हम आपकी चापलूसी नहीं कर रहे हैं, रामानंद यादव जी की चापलूसी करने की आदत है कि वह कभी रामेश्वर सिंह की चापलूसी कर देंगे... (व्यवधान) उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरे कहने का तात्पर्य है कि सरकार क्या इस पर अंकुश लगायेगी, क्या सरकार इन बातों पर ध्यान देगी।

अब मैं असली जगह आपको ले चल रहा हूं। गांव में क्या हो रहा है, बिजली कटौती का परिणाम क्या हो रहा है।

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर :** बिजली की कटौती से आबादी बढ़ेगी ।

**श्री रामेश्वर सिंह :** उपसभाध्यक्ष महोदय, आप जरा देखिए आप कहते हैं कि बिजली की वजह से हमारे खाद्य का प्रोडक्शन बढ़ा है। अगर खाद्य का प्रोडक्शन बढ़ा है, भारत कृषि प्रधान देश है, आप जो बिजली देते हैं अगर उससे खाद्य का प्रोडक्शन बढ़ा है तो फिर अमरीका से गेहूं क्यों मंगवा रहे हैं इसका मतलब है कि आपका खाद्य का प्रोडक्शन नहीं बढ़ रहा है । मेरी गारंटी है कि देश में जितनी जमीन है, इस जमीन को अगर विद्युत के द्वारा अगर मशीनों द्वारा पानी दिया जाए, तो हम इस देश का खाद्य के मामले में आत्म-निर्भर ही नहीं बना लेंगे, बल्कि बाहर भी भेज सकते हैं। यह हमारी क्षमता है क्योंकि जो हमारी धरती है, वह उपजाऊ है, अच्छी है । चन्द्र शेखर जी आप भी किसान के बेटे हैं, मैं आपके गांव में गया हूं । मैंने देखा है कि बांदा में क्या हो रहा है, बल्कि आपकी जमीन से हमारे उत्तर प्रदेश में बलिया, गाजीपुर, पूर्वांचल की जमीन ज्यादा अच्छी है और आपने गंगा के पेरे में जहां अभी यादव जी कह रहे थे, वहां की जमीन भी अच्छी है । आप क्या करते हैं ? बिजली की कटौती । बिजली नहीं मिलेगी और मिलेगी तो किसानों को रात के बारह बजे और वह भी माघ की ठठरी में। (समय की घंटी) ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, एक बात मैं अर्ज करूं —,अब मैं खत्म ही कर रहा हूं। क्या हो रहा है, आप जरा सुनिये, उत्तर प्रदेश विद्युत बोर्ड ने, उत्तर प्रदेश की सरकार ने—आप हैरान हो जाएंगे और साथ ही चन्द्र शेखर बाबू भी हैरान हो जाएंगे, इस बात को सुन कर—बिहार में यह बात है कि नहीं, मैं नहीं जानता—लेकिन उत्तर प्रदेश में डेढ़ सौ रुपया फी ट्यूबवैल हर महीने ले लेते हैं बिजली मिले या न मिले । बिजली आप देते नहीं हैं, मगर हर महीने किसान के सिर पर आपका बिल चला आता है और साल में बारह महीने का अठारह सौ रुपया लेते हैं । अब वह उसे साल में चुका नहीं पाता है । सूखा पड़ा, तो पानी नहीं, बारिश पड़ी तो पानी नहीं, बारिश हुई तो बिजली नहीं, यह सारी अव्यवस्था है । इसका परिणाम यह हो रहा है कि आज कोई भी उत्तर प्रदेश का किसान इनक्लूडिंग माइसेल्फ, मैं भी उसमें शामिल हूं, मेरे ऊपर भी पांच हजार रुपया कर्जा बाकी है, मेरा भाई मुझ से कहता है कि हमारा ट्यूबवैल नहीं चला, हम बाढ़ इलाके के हैं, आप पांच हजार रुपया दीजिए, हमारा भाई खुद हमी से कहता है कि नहीं देंगे, तो हमारे बैल कुड़क होंगें । मैं बहुत ईमान-दारी से कहता हूं, हमारे पिता जी को बहुत घमण्ड था कि हमारे उपर तो कोई आएगा नहीं क्योंकि हमारा बेटा तो एम० पी० है, लेकिन हमारे पिता जी के रहते हुए हमारे बैल की कुड़की हो गई, क्योंकि ट्यूबवैल... (व्यवधान)... हमारे पिता जी दे सकते थे, पांच, तीन या दो हजार रुपया, लेकिन मैं खुद कहता हूं क्योंकि मैं खुद किसान का बेटा हूं, मैं जानता हूं, मैं भुक्तभोगी हूं और मैं जानता हूं कि जो यहां पटेल बैठे हुए हैं, यह हमसे बड़े किसान हैं—बड़े किसान का मतलब सम्पन्न नहीं, मतलब इनकी बिरादरी जो पूरे देश में 80 प्रतिशत पपुलेशन है और इनक्लूडिंग रामानन्द यादव उसमें शामिल हैं. इनकी भी यही हालत है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरा कहना है कि क्या ऊर्जा मंत्री जी सदन को यह गारंटी देंगे कि किसानों की बिजली में कटौती नहीं होगी ? क्या गारंटी देंगे कि जिस किसान का ट्यूबवैल बंद रहेगा,

उससे टैक्स नहीं लिया जाएगा ? जितनी बिजली वह चलायेगा, उतना ही पैसा लिया जाएगा

आज जिला लैवल पर आप क्या करते हैं, आप बड़े-बड़े कारखानों के लिए क्या करते हैं ? आप उनको मुफ्त में बिजली दे रहे हैं एक तरह से, दो या तीन पैसे यूनिट बिजली दे रहे हैं। उनके उपर करोड़ों रुपया बाकी है, मगर वसूल आप नहीं करते हैं और उनका करते है। बस यह एक सवाल।

दूसरा इसके साथ ही कह लूं और फिर खत्म कर दूंगा। दूसरी बात है कि आज हमारी कृषि को जो तबाही हो रही है उससे देश की तबाही हो रही है। कनाडा और जापान तथा रूस को ले लीजिए।

चीन हमसे बाद में आजाद हुआ, लेकिन वह आज खाद्य के मामले में आत्म-निर्भर है। दुनिया में जहां तक टकनालोजी है, इसको भी मैंने स्टडी किया है, स्विटजरलेंड का, आस्ट्रेलिया का, कनाडा का, जापान का और रूस को ले लीजिए, अमरीका और रूस को इस दुनिया की दो धुरिया हैं और विकासशील देश हैं। लेकिन इन सारे देशों में खाद्य के मामले में आत्म-निर्भरता है। खाद्य के मामले में हमारे मुल्य में आत्म-निर्भरता नहीं है। आज भी लोग गरीबी की रेखा से नीचे पेड़ के नीचे रहते हैं, उनको खाना नहीं मिलता है। उपाध्यक्ष महोदय, कारखानों में नुक्सान हो रहा है। कारखानेदार बेचारे बहुत से हमारे साथी हैं, छोटे छोटे, आप उन की बिजली की भी कटौती करते हैं। लाइसेंस आप ने दिया कारखाने लगाने का, करघा चलाने का या और काम करने के लिए, छोटी मशीन लगाने के लिए। उन को जब आप बिजली नहीं देते तो उन का कारखाना बन्द। सरकार से कर्जा लिया कारखाना बैठाने के लिए, लेकिन बिजली गोल। कर्जे की वसूली अलग और बिजली की बसूली अलग। मैं दो गारन्टी चाहता हूं। एक तो किसान जितनी बिजली इस्तेमाल करेगा उतना ही पैसा आप उस से लेंगे और यू. पी० गवर्नमेंट को यह निर्देश देंगे कि तुम को हम तब तक पैसा नहीं देंगे जब तक किसानों से तुम जो जबरिया वसूली करते हो उसे बन्द नहीं करते। बिजली नहीं देते, तब भी पैसा लेते हो। वहां मीटर लगाओ। मीटर सिस्टम नहीं है ट्यूबवैल में। बिड़ला के कारखाने में मीटर सिस्टम है, हमारे आप के मकानों में मीटर सिस्टम है लेकिन ट्यूबवैल से आप 150 रुपया लेते हो। मीटर सिस्टम हो जाये ताकि किसान जितनी बिजली इस्तेमाल करे उतना ही पैसा पेंमेंट करें। यह सरकार सहनशील बन रही है, अपने को शो करती है बीस-सूत्री कार्यक्रम के द्वारा. लेकिन सफेद हाथी की तरह काम कर रही है। यह सरकार इस काम को नहीं करेगी तो मैं बहुत सफाई के साथ कहना चाहता हूं कि भूखमरी की समस्या पैदा हो जायेगी। अमरीका अन्न की सौदेबाजी करता रहेगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं खत्म करता हूं। देश के बारे में मैंने कह दिया, विशेष तौर पर यू०पी० में यह कर दें कि वहां मीटर सिस्टम चालू हो। जो वहां विद्युत बोर्ड है, सफेद हाथी बैठा है, उस पर अंकुश लगायेंगे तभी स्थिति सम्भल सकती है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात खत्म करता हूं।

**श्री चन्द्र शेखर सिंह :** श्रीमन्, मैं माननीय सदस्य श्री रामेश्वर सिंह का अनुग्रहीत हूं कि उन्होंने बहुत ही उपयोगी सुझाव सरकार के सामने पेश किया और उन्होंने मेरे बारे में जो अच्छे शब्दों का प्रयोग किया है उस के लिए मैं खास तौर से उन को धन्यवाद देना हूं।

SHRI A. G. KULKARNI: That compliment is very rare; you are lucky.

श्री चन्द्र शेखर सिंह : माननीय सदस्य ने बिजली की आपूर्ति की व्यवस्था के सम्बन्ध में दो खास मुद्दों की तरफ हमारा ध्यान आकर्षित किया है । पहला मुद्दा है कि जो पावर स्टेशन्स हैं उन की व्यवस्था अच्छी नहीं है और उस की चर्चा करते हुए उन्होंने आर्थिक समीक्षा प्रतिवेदन का भी उल्लेख किया । जहां तक यह प्रश्न है, और यह साफ तौर से उस प्रतिवेदन में लिखा गया है कि आज जिस सतह पर हम अपनी व्यवस्था को पहुंचाना चाहते हैं वह स्थिति आज मौजूद नहीं है और वर्तमान व्यवस्था से जिसे आम तौर से प्रोजेक्ट मेनेजमेंट कहते हैं हम सन्तुष्ट नहीं हैं । पिछले दिनों हम लोगों ने कई कदम उठाये हैं जिस की वजह से इस में सुधार हो रहा है और आगे आने वाले दिनों में और भी अधिक सुधार सम्भव है । इस मंत्रालय ने और इस मंत्रालय के परामर्श से स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्डस ने अपने प्रोजेक्ट्स को समय पर पूरा करने में और जो मौजूदा पावर स्टेशन हैं उन की हालत में सुधार करने के लिए आवश्यक कदम उठाये हैं । उन की केपीटल मेंटेनेंस के लिए, प्रीवेंटिव मेंटेनेंस के लिए, स्पेयर पार्टस की सप्लाई के लिए, कोयले की आपूर्ति के लिए, इन सभी मुद्दों पर कार्यवाही की गयी है और उस का नतीजा सामने आया है जो मैं आप के सामने निवेदन करूंगा । जहां तक देश के पैमाने पर यह प्रश्न है, पिछले तीन-चार वर्षों से खास तौर से हमारे काम करने की क्षमता में, जो कि प्लांट लोड फैक्टर से जाहिर होता है, लगातार तरक्की हुई है।

1 P.M. 1979-80 और 1980-81 के वर्षों में हमारा राष्ट्रीय औसत, नेशनल एवरेज प्लान्ट फैक्टर का लगभग 45 परसेंट रहा है । 1981-82 में वह बढ़ कर 47 परसेंट हो गया और 1982-83 में, चालू वित्तीय वर्ष में यह बढ़ कर 49 परसेंट हो गया है और खास तौर से जो 200 मेगावाट के यनिट्स हैं उन के परफरमेंस में, उन के काम करने की ताकत में विशेष वृद्धि हुई है और हम आम तौर से उन्हीं मशीनों पर आधारित हैं इस लिये मैं आशा करता हूं कि आगे आने वाले वर्षों में इस में और भी तरक्की होगी ।

दूसरा प्रश्न माननीय सदस्य ने कोयले की आपूर्ति के बारे में उठाया है जिस के संबंध में भी उन्होंने उस रिपोर्ट की चर्चा की है । जहां तक कोयले की आपूर्ति का प्रश्न है यह जाहिर है कि अभी आम तौर से मेकैनाइज्ड ओपेन माइनिंग के जरिये हम कोयले की काफ्ट आपूर्ति कर रहे हैं और इस में जो पत्थर या लोहा या दूसरे इसी तरह के जो सामान हैं वह भी लद जाते हैं और पावर स्टेशन्स तक पहुंच जाते हैं और जब कभी कोई बड़ी चट्टान या गलत चीज वहां पहुंच जाती तो वहां की मशीनों पर उन से आघात पहुंचता है और उन को नुकसान होता है जिस की वजह से काम को रोकना पड़ता है । यह समस्या हमारे सामने है । लेकिन इस के लिये कोल विभाग से लगातार बातचीत होती रही है । पिछले दिनों उन से निवेदन किया गया है और उन्होंने इस पर कार्यवाही की है कि तमाम पिट हैड्स पर कोल हैंडलिंग प्लान्ट्स लगाये जायं और ऐसी व्यवस्था की जाए कि गलत चीजों की वहीं छटाई हो जाये और कोयला जिस क्वालिटी का आना चाहिए उस क्वालिटी का वहां पहुंचे । मैं माननीय सदस्य से निवेदन करूंगा कि अगर यह आशवासन हमें हो जाये और ऐसी पक्की व्यवस्था हो जाए कि एक किसम का ही कोयला लगातार पावर स्टेशन्स

को मिलता रहे तो उस से हमारी क्षमता में बहुत तरक्की आ सकती है । लेकिन तत्काल एक दिन मे या एक वर्ष में यह संभव नहीं है । हम आशा करते हैं कि अगले दो, तीन वर्षों में इस अवस्था में सुधार होने वाला है । जो कुछ हम ने पिछले दिनों कार्यवाही की है वह दो बातों से साफ जाहिर है । एक तो मैंने निवेदन किया कि हमारे देश का जो कैपेसिटी यूटिलाइजेशन है, प्लान्ट लोड फैक्टर है वह लगातार हर वर्ष बढ़ता जा रहा है और हमारी यह चेष्टा है कि अगले दो, तीन वर्षों के भीतर हाइयेस्ट जो 1976-77 में प्लान्ट लोड फैक्टर था 56 परसेंट का, उस पर हम पहुंच जायें और यह बिजली पहुंचाने की क्षमता हमारी बढ़ जाये । लेकिन एक दूसरे तत्व की तरफ भी नजर डालने से हमारे काम करने का असर साफ जाहिर है कि जो नये प्रोजेक्ट्स हैं उन के काम करने में जितना समय लगता था आज उस से कम समय लग रहा है और धीरे धीरे जो जेस्टेशन पीरियड है वह घटता जा रहा है और साथ ही जो टार्गेट्स हमारे छठे प्लान के और पिछले दिनों के थे उन की पहने की अवधि में उस में जो स्लीपेजेज होते रहे, उन में जो कमी आती रही अनेक कारणों से उन को हम घटाते जा रहे हैं और पिछले तीन, चार वर्षों के आंकडों से साफ जाहिर होता है कि स्लीपेजेज की मात्रा लगातार घटती जा रही है और प्रोजेक्ट्स समय पर पूरा करने की क्षमता हमारी बढ़ती जा रही है । इस लिये माननीय सदस्य को जो आगे का नकशा होने वाला है उस के संबंध में आशाविद होने की जरूरत है, निराश होने की आवश्यकता नहीं है ।

मैं उत्तर प्रदेश के संबंध में माननीय सदस्य ने जो कुछ चर्चा की उसके संबंध में कहना चाहूंगा कि यद्यपि वह खास तौर से इस मंत्रालय का विषय नहीं है, जो डिस्ट्रिब्यूशन है, बिजली का वितरण है यह जिम्मेदारी स्टेट एलेक्ट्रीसिटी बोर्ड्स की है । क्या वह रेट लेते हैं किसानों से और लोगों से यह उनको तय करना है । उसमें अनेक कठिनाइयां हैं— मीटर लगाना और चीजों की व्यवस्था करना । इन तमाम चीजों में टेक्नीकल और एडमिनिस्ट्रेटिव अनेकों कठिनाइयां हैं जिसका कुछ निदान निकालने की चेष्टा हो रही है । यह मंशा स्पष्ट है कि जो बिजली की खपत होती है, कोशिश यह है कि उसी का पैसा सरकार ले । लेकिन इसमें जो समस्यायें जुटी हुई हैं उनका समाधान निकालना तकनीकी दृष्टि से और प्रशासनिक दृष्टि से उतना आसान नहीं है । यह भी साफ जाहिर है कि पूरे आंकड़ों को नजर में रखते हुए एग्रीकल्चर सेक्टर में आज जो बिजली दी जा रही है और उससे जो कुछ हमें रिटर्न मिल रहा है, जो उनको उसके लिये रेट देने पड़ रहे है उसमें काफी दूरी है, गैप है लेकिन फिर भी माननीय सदस्य ने जिस बात की तरफ हमारा ध्यान आकर्षित किया है उसके लिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड को इस संबंध में लिखूंगा और उनका ध्यान अकर्षित करने की चेष्टा करूंगा । जहां तक बिजली के बोर्ड का सवाल है मैं विवरण में जाना जरूरी नहीं समझता लेकिन मैं माननीय सदस्य को और माननीय सदस्य के जरिये उत्तर प्रदेश के लोगों को यह कहना चाहूंगा कि अगले महीने के दिनों के भीतर उत्तर प्रदेश मे बिजली बोर्ड की अवस्था बेहतर होने वाली है और आज जो स्थिति है वह यह है कि किसानों को 8-10 घंटे मुश्किल से मिल रही है..

**श्री कलराज मिश्र** (उत्तर प्रदेश) : वह नहीं मिल रही है । 4-5 घंटे मिल रही हैं ।

**श्री चन्द्र शेखर सिंह** : माननीय सदस्य की बात से मैं इन्कार नहीं करता लेकिन फिर भी एक महीने के भीतर जो हमारे बिजली बोर्ड की अवस्था है वह अच्छी होने वाली है । सिंगरोली में और दूसरे प्रोजेक्ट में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में अगले कुछ दिनों में बिजली दे सकेंगे । इस अवस्था में निश्चित रूप से सुधार संभव दिखाई पड़ता है ।

एक दो शब्द कह कर मैं अपनी बात समाप्त करूंगा । माननीय सदस्य ने कहा और यह सही भी है कि यह सदन राष्ट्र का दर्पण है और इसमें राष्ट्र का चित्र प्रतिबिम्बित होना चाहिये । इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती । माननीय सदस्य के दृष्टिकोण में और सरकार के दृष्टिकोण में मात्र इतना ही अन्तर है कि जो हमारे देश में खामियां हो सकती हैं, बदसूरती हो सकती है माननीय सदस्य उस पर अपनी पूरी रोशनी जाहिर करते हैं । माननीय सदस्य की एक जिम्मेदारी भी होती है और इससे हम को कितना आनन्द मिलता है इससे हम इन्कार नहीं करते । जो सही चित्र वास्तविक स्थिति का है उसका प्रतिबिम्ब उपस्थित करने की कोशिश करते हैं जो इस बात से जाहिर है कि आप ने अपने मुद्दों और आप ने अपनी बात के पक्ष में स्वयं आर्थिक समीक्षा के प्रतिवेदन से उद्धृत करके उसको पुष्ट करने की चेष्टा की । माननीय सदस्य को यह इत्मिनान होना चाहिये कि यह सरकार कोई अफसरशाही पर अवलम्बित नहीं है । सब की अपनी-अपनी भूमिका है । एक व्यवस्था के अन्दर हम काम कर रहे हैं । यह जाहिर तौर और सही तौर पर सत्य है कि सरकार सभी मामलों के लिये जिम्मेदार है और है सभी मामलों में, उत्तर प्रदेश में नीति निर्धारण में और कार्यक्रमों को लागू करने में उसकी प्रमुख भूमिका है और जो कुछ भी सरकार में रहने का मेरा तुजुर्बा है उस आधार पर मैं माननीय सदस्य श्री रामेश्वर सिंह जी से कहूंगा कि इन बातों पर अगर वे और भी सोचेंगे और विचारेंगे तो जो अफसरों के संबंध में या अफसरशाही के संबंध में विचार प्रकट हुए शायद उनको उस पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता हो । मैं आशा करता हूं कि माननीय सदस्य मेरे स्पष्टीकरण से संतुष्ट होंगे ।

**श्री कलराज मिश्र** : यू० पी० इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड जबर्दस्त घाटे में चल रहा है और इसलिये वह रेट बढ़ा रहे हैं । इसके बारे में आप कुछ बतायें ।

THE VICE-CHAIRMAN: (SHRI R. R. MORARKA): The discussion will continue after lunch. The House now stands adjourned till 2-00 P.M. today.

The House then adjourned for lunch at ten minutes past one of the clock.

---

The House re-assembled after lunch at five minutes past two of the clock, **The Vice-Chairman (Dr. Shrimati) Najma Heptulla): In the Chair.**

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SHRIMATI NAJMA HEPTULLA): We were discussing the Call Attention. Now, Shri Ramanand Yadav.

शुरू करने से पहले बता दूं कि यह निर्णय हमने लिया है कि काल-अटेन्शन पर सिर्फ पहले मूवर को हक है कि वह भाषण करेगा और बाकी लोग केवल सवाल करेंगे । आप जरा...

**श्री रामानन्द यादव** : यह सब पर लागू होना चाहिए ।

**उपसभाध्यक्ष डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला :** यह सब पर लागू है। भाषण नहीं होना चाहिए। इसके बाद दूसरा बिजनेस है। सब लोग मेरी बात मानते हैं।

**श्री मनुभाई पटेल** (गुजरात) : रामानन्द जी को कन्ट्रोल कर देंगी तो हाउस कन्ट्रोल हो जायेगा।

**श्री रामानन्द यादव :** इस समय तो कह देंगे लेकिन अपने वक्त मुंह में लगाम लगाने से भाग जाते हैं।

मैडम, हमारे यहां सोलर इनर्जी, बायो गैस विंड पावर एग्रीकल्चर वेस्ट इससे इनर्जी पैदा हो सकती है जो हमारे देश की रेक्वायरमेन्ट को बहुत हद तक मीट कर सकती है। देश में इतनी इनर्जी पैदा नहीं हो रही है जिससे जो हमारी एग्रीकल्चर रेक्वायरमेन्ट है उसको मीट कर सकें। मंत्री जी ने अपने भाषण के क्रम में यह कहा है कि बिहार और बंगाल में पावर शार्टेज बहुत है। आम तौर पर पूरे देश में शार्टेज है। मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार के सामने कोई ऐसा प्रपोजल है कि देश के लिये इनर्जी बोर्ड स्थापित किया जाय जिसका काम रेन्यूवल और नान-रेन्यूवल इनर्जी को टैप करने का हो और यूटिलाइजेशन के लिये उसका कोआर्डिनेशन करे और विभिन्न प्रान्तों की जो रेक्वायरमेन्ट है उसके मुताबिक डिस्ट्रीब्यूट करे। क्या इस तरह का बोर्ड बनाने का विचार सरकार के सामने है ?

दूसरा प्रश्न है कि हिन्दुस्तान में विंड पावर, क्योंकि हमारा देश ट्रापिकल कन्ट्री है, यहां सोलर एनर्जी भी काफी पैदा होती है और एग्रीकल्चर वेस्ट भी काफी पैदा होता है, जैसे धान से जो भूसा निकालते हैं, उसकी भी मात्रा बहुत है, उस एग्रीकल्चर वेस्ट को कैसे यूटिलाइज किया जाय और कैसे बायो-गैस को यूटिलाइज किया जाय, इसके लिये क्या सरकार ने कोई योजना निश्चित रूप से बनाई है कि सोलर इनर्जी पर रिसर्च करने के लिये कितना पैसा खर्च करेंगे, कितना बायो-गैस पर करने के लिये खर्च करेंगे, कितना विंड पावर पर खर्च करेंगे और कितना पैसा एग्रीकल्चर वेस्ट पर खर्च करके इनर्जी पैदा करेंगे। तो क्या कोई इस तरह की स्कीम सरकार ने बनाई है ?

तीसरा मेरा प्रश्न यह है कि क्या सरकार को यह मालूम है कि 'भेल' मशीनरी पैदा करती है, वह आजकल बड़ी घटिया किस्म की पैदा कर रही है और जहां कहीं, जिन प्रान्तों में 'भेल' की मशीनरी के प्रोजेक्ट लगाये गये हैं, उन प्रान्तों के जो प्लान्ट हैं वे ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। क्या सरकार ने-- "भेल" का जो कारखाना है, जो बिजली के सामान का उत्पादन करता है, बड़े बड़े पावर प्लान्ट में लगाने के लिये, तो यहां, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल में जो पार्ट्स बनते हैं, जो मशीनरी बनती है, वह प्लान्ट में बैठाने पर ठीक से काम नहीं करती है, और जिसके कारण आज गुजरात में, महाराष्ट्र में या और जगहों में पावर शार्टेज है, तो क्या सरकार ने इस पर विचार किया है ? अगर ऐसी बात है तो 'भेल' में जो मशीनें बनती हैं उनको ठीक से बनाने के सम्बन्ध में सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ? चौथा मेरा प्रश्न यह है कि क्या सरकार बताएगी कि बिजली की शार्टेज के कारण और बी० एच० ई० एल० की मशीन बनाने का जो तरीका है वह खराब, घटिया किस्म की मशीन बना रही है तो क्या

[श्री रामानन्द यादव]

आपने ऐसी कोई योजना बनाई है कि बिजली की मशीन के पुर्जे बाहर से भी इम्पोर्ट किये जाएं । क्या ऐसी कोई योजना आपके सामने है । अन्तिम प्रश्न मेरा यह है कि आपने कहा है कि बिहार में कमी है, बिहार में पतरोता प्लांट है जो बराबर सिक रहता है और कांटी में प्लांट बन रहा है, बरौनी का प्लांट है, दामोदर वेली कारपोरेशन है । दामोदर वेली कारपोरेशन जो बिजली पैदा करती है वह सारी बिजली बंगाल ले लेता है । बिहार की कृषि के सिंचाई के कामों के लिए थोड़ी सी भी बिजली नहीं मिल पाती है । सारी की सारी बिजली बंगाल को चली जाती है । तो मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि यह पतरोता प्लांट को गेयर अप करने के लिए और जो क्लोज हो जाता है, बन्द न हो ठीक से चले काम वहां पर ठप्प न हो इसके सम्बन्ध में कोई ठोस कदम उठाए हैं ? क्या आपने इस बात का भी निर्णय किया है कि दामोदर वेली कारपोरेशन की जो बिजली पैदा होती है उसको बिहार के किसानों को सिंचाई के लिए मुहैया किया जाए क्योंकि बरौनी थर्मल पावर अच्छे रूप से काम नहीं कर रहा है । बिजली अधिक उत-उत्पादन करने के सम्बन्ध में आपने कौन से कदम उठाए हैं और कहल गांव में जो पावर प्लांट बैठने वाला था वह प्लांट कब तक बैठेगा ताकि बिहार के किसानों को बिजली मिल सके और साथ ही मंत्री जी से यह भी जानना चाहता हूं कि कांटी में जो प्लांट है यह कब तक पूर्ण रूप से कमीशन हो करके बिहार के किसानों को राहत पहुंचाएगा । मेरा प्रश्न यह है कि बिहार के किसानों को आज जो बिजली की कमी है उसको पूरा करने के लिए आपने दूरगामी और तात्कालिक कौन से कदम उठाए हैं ?

**उपसभाध्यक्ष (डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला)** : मिनिस्टर साहब अगर चाहें तो सभी सवालों का जवाब एक साथ दे दें, क्योंकि सवाल रिपीट होते हैं, ताकि काम जल्दी हो जाए । अगर माननीय सदस्य को कोई एतराज न हो तो ।

**श्री रामानन्द यादव** : जैसे मन्त्री जी चाहें मुझे कोई एतराज नहीं है ।

**श्री चन्द्र शेखर सिंह** : नहीं, मैं अभी जवाब दे देता हूं । माननीय सदस्य श्री यादव जी ने कई प्रश्नों को हमारे सामने, सदन के सामने उठाया है । पहली बात उन्होंने इनर्जी बोर्ड के सम्बन्ध में की है । माननीय सदस्य को सम्भवत: जानकारी होगी कि इनर्जी बोर्ड का गठन चन्द दिन पहले सरकार ने किया है और इस सदन के माननीय सदस्य श्री के० सी० पन्त उसके अध्यक्ष हैं लेकिन उसका काम रिन्युयेबल और नान-रिन्युयेबल सोर्सिज आफ इनर्जी के सम्बन्ध में है और नीति सम्बन्धी विषयों के बारे में राय देने का है । वितरण या कोई प्रशासनीय कार्य से उसका सम्बन्ध नहीं है ।

**श्री रामानन्द यादव** : कोआर्डिनेशन का सम्बन्ध नहीं है क्या ?

**श्री चन्द्र शेखर सिंह** : कोआर्डिनेशन तो मंत्रालय खुद करता है और उसके संबंध में कोआर्डिनेशन के संबंध में कोई नीति उनकी राय में होगी तो देंगे लेकिन प्रशासकीय एडमिनिस्ट्रेटिव बोडी वह नहीं है । दूसरी बात बायो-गैस आदि के संबंध में उन्होंने चर्चा की है खास तौर से बायो-गैस के यूटिलाइजेशन के लिए उसका इस्तेमाल के लिए

सरकार की विस्तृत योजना हैं। माननीय सदस्य अगर चाहेंगे तो उसकी पूरी योजना मैं उनकी सेवा में अर्पित करूंगा और यह विषय दरअसल टाइडल विड पावर और तमाम ऐसे जो इनर्जी के सोर्सिज हैं यह विषय दूसरे विभाग का है इसलिए मैं उसके रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए कितना व्यय निर्धारित किया गया है इसके आंकड़े मैं यहां नहीं दे सकूंगा लेकिन इस तरफ सरकार का ध्यान है। जो पूरे इंटरनेशनल लेविल पर एनर्जी क्राइसिस है, ऊर्जा संकट है उसका ख्याल करते हुए हमारी कोशिश है कि हम कोयले से हटकर जो रिन्युएबुल सोर्सिज आफ इनर्जी है उनका अधिक से अधिक इस्तमाल करें और उसके अनुसंधान के लिए खोज के लिए हम काफी तत्पर हैं और ध्यान दे रहे हैं।

माननीय सदस्य ने भेल की मशीनों की चर्चा की है। मैं बहुत ही नम्रता-पूर्वक निवेदन करना चाहूंगा कि 'भेल' ने पावर प्लांट के इक्विपमेंटस और स्पेयर पार्ट्स के मैनुफैक्चर में एक बड़ा ही जबरदस्त काम किया है, बड़ा काम किया है। प्रारम्भ में जब इसका उत्पादन शुरु हुआ तो यह स्वभाविक था कि उसकी क्षमता और योग्यता कुछ सीमित हो और ज्यों-ज्यों पिछले वर्षों में यह काम बढ़ता गया है उसी की बात है कि हमारी योग्यता में भेल की क्षमता में लगातार तरक्की होती गई है और उसकी मशीनों में आज भी जो कमियां हैं, इस बात की चेष्टा लगातार जारी है कि उन कमियों को दूर किया जाय और उनको अच्छे स्टेंडर तक लाया जाय। इसके संबंध में बराबर ऐसी कान्फ्रेन्सेज होती हैं, जिसमें जो लोग इनको इस्तेमाल करते हैं उनसे फीड बैंक इन्फारमेशन और इंटरएक्शन लगातार जारी रहता है इसकी व्यवस्था है। इसका असर भेल की मशीनों पर पड़ा है। मैं माननीय सदस्य से कहना चाहूंगा कि अभी जो भेल की दो सौ मेगा वाट की मशीन है उसका परफारमेंस काफी अच्छा हो गया है और चूंकि अब हम उन्हीं मशीनों पर आगे आने वाले दिनों में मुख्य रूप से आधारित हैं इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि जो थर्मल पावर का जनरेशन है उसमें आगे आने वाले दिनों में सुधार होगा और फिर भी मशीनों की जो कमजोरियां हैं या खामियां हो रही है उन कमियों को दूर करने के लिए भेल भी प्रयत्नशील है और अन्य मंत्रालय और इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ये तमाम जो उसका इस्तेमाल करते हैं ये उस दिशा मे उसका ध्यान लगातार आकृष्ट करते हैं।

इम्पोर्ट्स के संबंध में दरअसल में उसकी चर्चा करना आवश्यक नहीं समझता हूं। लेकिन आम तौर से हमारी नीति रही है और जो सेल्फ रिलायंस की तरफ, आत्म-निर्भरता की तरफ जाने की चेष्टा है . . .

**श्री रामानन्द यादव :** गुजरात की स्टेट गवर्नमेंट ने भारत सरकार को लिखा है कि उन्हें बिजली की मशीनरी इम्पोर्ट करने की इजाजत दे दी जाय ताकि वे अपनी एनर्जी क्राइसिस को मीट कर सकें इस पर आप को क्या कहना है।

**श्री चन्द्र शेखर सिंह :** हमारी चेष्टा मोटे तौर पर बराबर है कि बिजली की आपूर्ति की व्यवस्था में सुधार हो

[श्री चन्द्रशेखर सिंह]

और यह यथेष्ट हो और हमारे आर्थिक विकास में इससे रुकावट न हो लेकिन फिर भी हमारी आयात की नीति इस संबंध में साफ है, कि जहां तक संभव हो हम जो हमारा इंडिजिनस प्रोडक्शन है जिसमें भेल और आई० एल० के० की मुख्य भूमिका है उस पर निर्भर होना चाहते हैं और आयात उसी अवस्था में करना चाहते हैं जब आयात हमारे लिए आवश्यक हो, जब उसके बिना काम नहीं चलता हो और कोई दूसरा रास्ता दूसरा तरीका नहीं हो तब हम उसके स्पेयर पार्ट्स का आयात करते रहे हैं, आज भी कर रहे हैं।

उन्होंने पत्रातु की चर्चा की, वहां भी रशिया से मशीनें इम्पोर्ट करने की व्यवस्था की जा रही है अन्य देशों से भी की जा रही है लेकिन आमतौर से हम आयात पर निर्भर नहीं हैं और हमारी लगातार कोशिश है कि आयात की मात्रा आने वाले वर्षों में लगातार कम हो जाय। पत्रातु के बारे में विषद रूप से आप को बतलाने की आवश्यकता नहीं समझता हूं। क्योंकि माननीय सदस्य स्वयं वाकिफ हैं, जानकार हैं कि उसके संबंध में क्या किया गया है। लेकिन पिछले दो वर्षों से खास तौर से इसमें सुधार लाने के लिए और मशीनों की अवस्था में मरम्मत करने के लिए काफी कार्यवाही की गयी है। रशियन एक्सपर्ट्स आये हैं। वे आज भी काम कर रहे हैं वहां से स्पेयर पार्ट्स जो आवश्यक हैं उनको मंगाने की व्यवस्था की गयी और पिछले एक साल में पत्रातु के थर्मल पावर स्टेशन का परफारमेंस बेहतर हुआ है। जो इस बात से जाहिर है कि 1980-81 में प्लांट लोड फैक्टर 33 परसेंट था 81-82 में 37 परसेंट हुआ और 82-83 में 40.76 परसेंट हुआ। इस तरह से पत्रातु जिस पर बिहार की आपूर्ति बहुत दूर तक निर्भर है। उसकी अवस्था में सुधार लाने की कोशिश की जा रही है।

माननीय सदस्य ने बरौनी की भी चर्चा की, बरौनी के संबंध में भी अभी काम जारी है और जो वहां की यूनिट्स काम नहीं कर रही है जल्द से जल्द कमीशन हो जाएं, इसकी चेष्टा है और उसमें सुधार किया जा रहा है।

डी० वी० सी० की चर्चा माननीय सदस्य ने की है, वह आप को मालूम होगा कि डी० वी० सी० के पावर का एलोकेशन अभी कुछ दिनों पहले उसमें परिवर्तन किया गया और परिवर्तन इस ख्याल से किया गया कि जो आर्थिक काम के लिए जो प्रायर्टी सेक्टर्स हैं, जैसे रेलवेज, कोल और स्टील है जिनकी आपूर्ति की व्यवस्था हम खास तौर से उच्चतम प्राथमिकता हम रेलवे को दे रहे हैं और उसकी आपूर्ति निश्चित रूप से शत-प्रतिशत हो, इसकी व्यवस्था की गई है।

उसके बाद फिर कोल सेक्टर और स्टील सेक्टर में इसका इस्तेमाल किया जा रहा है और तब जो बिजली उपलब्ध है, उसका वितरण एक निश्चित फार्मूले के अनुसार किया जा रहा है और उसमें बंगाल और बिहार दोनों को जो उसका उचित हिस्सा है, उनको दिया जायेगा।

कहलगांव के बारे में माननीय सदस्य ने चर्चा की है, यह सैंट्रल इलेक्ट्रिसिटी से क्लियर्ड है, इसकी मंजूरी हो चुकी है, लेकिन आगे इसमें कार्यवाही अभी नहीं हुई है। हमारी चेष्टा है

क इस पर हम ध्यान दे कर उसको पुनर्जीवित कर सकें ।

अब जो शार्टेजेज के बारे में माननीय सदस्य ने कहा . . .

श्री रामानन्द यादव : कांटी के बारे में ।

श्री चन्द्र शेखर सिंह : कांटी का भी कमीशनिंग अगले डेढ़ दो साल के अन्दर होने वाला है । अब माननीय सदस्य में जो शार्टेजेज की चर्चा की है, उस के बारे में मैं आपसे निवेदन करूंगा कि बिहार में बिजली की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में हो सके, इसके लिए तात्कालिक और कुछ दुर्गामी, दोनों प्रयास किये जा रहे हैं । जहां तक तात्कालिक जो कार्यवाही का सवाल है, तो हमारी चेष्टा होगी कि पूर्व में, और पूर्व और पश्चिम से जो पावर स्टेशर्स आगे आने वाले वर्षों में कमीशन होने वाले हैं, उन से हम बिहार में बिजली की आपूर्ति की व्यवस्था में मदद कर सकें । जहां तक दूर्गामी प्रयासों का प्रश्न है, उस में जब तक कि कालयल कारो और कहलगांव यह आगे बढ़ नहीं जाते हैं, तब तक बहुत अधिक प्रभाव उस में नहीं पढ़ने वाला है । लेकिन फिर भी हम आशा करते हैं कि 1984 के वर्ष में बिहार में बिजली की आपूर्ति की व्यवस्था में निश्चित रूप से सुधार हो सकेगा ।

SHRI ERA SEZHIYAN (Tamil Nadu): Madam Vice-Chairman, the statement given by the hon. Minister starts with a happy note that there has been increase in the generation of electricity in the country. But it is a very sad fact that in India the demand in power is always on the increase, so much so that it always out strips the supply. The rate of growth in demand is at a faster rate than the rate of implementation of the programmes that they take up and the capacity created. Madam, between the planning and implementation, between the capacity created and the actual electricity produced there is an increasing generation gap in this power game of electricity.

Coming to Tamil Nadu, I can only put it here how rightly Mr. S. Ramachandran, Minister of Electricity, Tamil Nadu, has put in that Tamil Nadu is like a man put permanently on starvation diet. At no time for the past two decades Tamil Nadu has ever been even marginally surplus or marginally able to fulfil the requirements of electricity. As you know, the installed capacity of 3100 MW. In Tamil Nadu comprises of 50 per cent of hydel and 50 per cent of thermal power and all the resources available as far as hydel production is concerned have been exhausted. And we have to rely more and more—you will be painfully aware of it—on the thermal projects. It is a very sad story as far as thermal projects are concerned. Of course, we have been receiving a significant amount of our supplies from Kerala. But that State has also been affected by the failure of monsoon and therefore they are not able to help us. Karnataka was supplying some amount. Now Karnataka itself is in dire straits and they have gone to Maharasthra. So Tamil Nadu has been left high and dry literally. In this respect, our reliance on thermal power has become more and more pronounced. There are three sources of thermal power for Tamil Nadu. One is Ennore, second is Tuticorin and the third is Neyveli. Ennore has got its own difficulties. Though the capacity created is 450 MW, they are able to produce only 250 MW due to very many diculties. Tuticorin is doing somewhat well. Against a capacity of 630 MW they are able to produce about 500 MW now. And Neyveli, of course, is doing well in this respect. I want to seek some clarifications from the hon. Minister.

[Shri Ere Seizhiyan].

Tamil Nadu has to depend on thermal generation. And thermal generation has to depend on coal. And Coal is not a product of Tamil Nadu, is has to come from other States, especially through the Port of Haldia. So I would like to know why there is always a bottlenecks, a sacrity, if not complacency, on the part of those who supply coal to Tamil Nadu. Sufficient stock of coal has never been available, so much so that even in these dire days when we cannot go in for hydel sources, the thermal one also fails us because of paucity of coal. I would like to know from the hon. Minister why there is a laxity on the part of those who suply coal in not giving sufficient quantum of coal to Ennore and Tuticorin. For Tuticorin, there was earlier a proposal to bring coal by ships owned by the Tamil Nadu Government itself. When that proposal was put by the State Government, it was not cleared by the Central Government. The Central Government is not giving its own shipping arrangements or removing the bottlenecks created by the railway movement. So we do not have coal of our own, we do not get coal from Haldia or from Singareni, therefore I would like to know whether the Government is giving any serious consideration to the request made by the Tamil Nadu Government which has appeared in the press that they want to build a buffer stock of about 5 lakh tonnes through import of coal. I would like to know the reaction of the Government to this.

